Teachingninja.in

Latest Govt Job updates

Private Job updates

Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

# JPSC
# APP
## Previous Year Paper
## (General Hindi)
## 05 Jan, 2020

Teachingninja.in

Total No. of Printed Pages – 3

# APPM

# GENERAL HINDI

# सामान्य हिन्दी

## SUBJECT CODE : 01

## विषय कोड : 01

## PAPER – I

## पत्र – I

**Full Marks : 100** | **Time : 3 Hours**

**पूर्णांक : 100** | **समय : 3 घण्टे**

---

*निर्देश : **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*उपांत के अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं ।*

**Marks**
**अंक**

1. किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए : **20**

   (i) झारखण्ड : प्रगति के पथ पर

   (ii) पर्यावरण संरक्षण अत्यावश्यक है ।

   (iii) बेटी बचाओ : बेटी पढ़ाओ ।

   (iv) भारतीय जनतंत्र की विशेषताएँ

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **10 × 2 = 20**

   (क) प्रदेश के शिक्षा सचिव की ओर से, राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को संबोधित करते हुए, एक सरकारी पत्र लिखिए, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के दिन-रात के शिविर ग्रामीण क्षेत्रों/दलित बस्तियों में लगाने का निर्देश दिया जाए ।

   **अथवा**

   महाविद्यालय के प्राचार्य की ओर से राज्य के समाज कल्याण सचिव को पत्र लिखिए, जिसमें अनुसूचित जाति/जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति की राशि शीघ्रातिशीघ्र उनके बैंक खातों में भेजने का अनुरोध किया जाए ।

   (ख) राज्य के उच्च शिक्षा निदेशक की ओर से लिखा जाने वाला अर्द्ध-सरकारी पत्र प्रस्तुत कीजिए, जिसमें विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को निदेशालय में होने वाली बैठक में भाग लेने का निर्देश दिया गया हो ।

   **अथवा**

   लोक सेवा आयोग द्वारा विशेषज्ञों को साक्षात्कार लेने हेतु बुलाए जाने का अनुरोध करते हुए एक अर्द्ध-सरकारी पत्र लिखिए ।



Teachingninja.in

Marks
अंक

3. (क) किन्हीं **पाँच** शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए : 1 × 5 = 5
   (i) अतिवृष्टि
   (ii) अथ
   (iii) कीर्ति
   (iv) प्रकट
   (v) स्वार्थ
   (vi) अन्तरंग
   (vii) योग
   (viii) सार्थक

   (ख) निम्नलिखित प्रत्ययों से **दो-दो** शब्द बनाइए : 1 × 5 = 5
   (i) आन
   (ii) औता
   (iii) आव
   (iv) अक्कड़
   (v) ओड़

4. (क) निम्न मुहावरों में से किन्हीं **पाँच** का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए : 2 × 5 = 10
   (i) अंधा होना
   (ii) अक्ल पर पत्थर पड़ना
   (iii) अब-तब करना
   (iv) उलटी गंगा बहाना
   (v) कुआँ खोदना
   (vi) खटाई में पड़ना
   (vii) गड़े मुर्दे उखाड़ना
   (viii) घी के दिए जलाना

   (ख) निम्न में से किन्हीं **पाँच** वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 1 × 5 = 5
   (i) एक गाय, दो घोड़े और एक बकरी मैदान में चर रहे हैं ।
   (ii) कई रेलवे के कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई ।
   (iii) हमारी सौभाग्यवती कन्या का विवाह तय हो गया है ।
   (iv) श्री कृष्ण के अनेकों नाम प्रचलित हैं ।
   (v) मेरा नाम श्री आनन्द कुमार जी है ।
   (vi) ऐसी एकाध बातें और भी देखने में आती हैं ।
   (vii) हम तो अवश्य ही पधारेंगे ।
   (viii) किसी भी आदमी को भेज दो ।



Teachingninja.in

Marks
अंक

5. (क) वाक्य की परिभाषा देते हुए उसका महत्त्व बताइए । 5

(ख) निम्न में किन्हीं **पाँच** को उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए : $2 \times 5 = 10$

(i) उप वाक्य

(ii) आज्ञावाचक वाक्य

(iii) संकेतवाचक वाक्य

(iv) सन्देहवाचक वाक्य

(v) सरल वाक्य

(vi) विधिवाचक वाक्य

(vii) निषेधवाचक वाक्य

(viii) इच्छावाचक वाक्य

6. निम्न गद्यांश का शीर्षक देकर संक्षेपण कीजिए : 20

मेरी समझ में केवल मनोरंजन कविता का उद्देश्य नहीं है । कविता पढ़ते समय मनोरंजन अवश्य होता है, किन्तु उसके बाद कुछ और भी होता है । सच यह है कि मनोरंजन करना कभी भी श्रेष्ठ कविता का प्रधान गुण नहीं हो सकता, जिससे कविता मनुष्य के चित्त पर अपना गहरा प्रभाव छोड़ती है और मनुष्य मंत्रमुग्ध हो जाता है । सच तो यह है कि कविता मनुष्य को जीवन-मूल्यों के साथ-साथ उच्चतर मानवीय आदर्शों से परिचित करा के उन्नति के मार्ग पर ले जाती है ।

---



Teachingninja.in